ट्रैफिक नियमों के बारे में किया जागरूक

एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ : बल्लभगढ़ शहर के आंबेडकर चौक स्थित अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ वुमेन की छात्राओं ने शुक्रवार को ट्रैफिक संबंधित जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का आयोजन कॉलेज के प्रेसिडेंट देवेंद्र कुमार गुप्ता और महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रैफिक पुलिस के सब-इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह (ट्रैफिक ताऊ) व कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीरू गुप्ता ने स्टूडेंट को ट्रैफिक कानून व नियमों के बारे में जागरूक किया। इसके बाद स्टूडेंट ने आंबेडकर चौक पर आम जनता को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सुरक्षा संबंधी बातों को समझाया। इस काम में अन्य पुलिसकर्मियों के साथ सहायक प्रवक्ता गौरव गुप्ता ने भी छात्रों की मदद की।